भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (भा.वा.अ.शि.प.) में हिन्दी दिवस का आयोजन

आज दिनांक 14 सितम्बर 2012 को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून में हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एस.पी. सिंह, उप महानिदेशक (प्रशासन) ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का उद्घाटन किया। डॉ. एस.पी. सिंह जी ने अपने अभिभाषण में सरकारी कामकाज में हिन्दी के महत्व को उजागर किया तथा समस्त कार्यालयों में सरकारी कार्यों को हिन्दी में करने के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों का आवाहन किया। श्री शैवाल दासगुप्ता, उप महानिदेशक (विस्तार) ने इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत किया और परिषद् में दिनांक 7 से 14 सितम्बर 2012 तक मनाए गए हिन्दी सप्ताह समारोह के आयोजन की विशेषताओं से श्रोताओं को परिचित कराया। स्वागत सत्र के पश्चात स्वरचित काव्यपाठ का आयोजन किया गया जिसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्यपाठ के उपरांत सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंच पर श्री संदीप त्रिपाठी, उप महानिदेशक (अनुसंधान) एवं श्री आर.पी. सिंह, सहायक महानिदेशक (मी व वि.) उपस्थित थे।

परिषद् में हिन्दी सप्ताह के दौरान निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण लेखन प्रतियोगिता, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण एवं स्वरचित काव्यपाठ इत्यादि कुल 5 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में भा.वा.अ.शि.प. के समस्त उप महानिदेशक, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग एवं समस्त सहायक महानिदेशक, वैज्ञानिक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री आर.पी. सिंह, सहायक महानिदेशक (मी व वि.) ने किया एवं धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।